SINCE-2003

जयपुर ■ सीकर ■ अजमेर से एक साथ प्रकाशित

दैनिक अपना अखबार

# मॉर्निंग न्यूज़

वर्ष 20 अंक : 272 ₹ 4.00 पृष्ठ-8

www.morningnewsindia.com

जयपुर
सोमवार 10 फरवरी, 2025

'हर पुरुष की सफलता के पीछे एक स्त्री का हाथ होता है, चाहे वह मां, बहन, पत्नी, दोस्त या फिर कोई ओर हो।'



पेज 8 | स्पोर्ट्स

नगर निगम लापरवाह ठेकेदारों को करेगा ब्लैकलिस्टेड | 3

# भारत-पाक बॉर्डर पर 1500 किमी लंबी सड़क बनेगी

## राजस्थान-पंजाब में सेना को गाड़ी से गश्त करना आसान होगा, सुरंग से तस्करी पर भी रोक लगेगी

**मॉर्निंग न्यूज @ बीकानेर**

राजस्थान-पंजाब से लगते भारत-पाक बॉर्डर से अब पड़ोसी देश पाकिस्तान पर नजर रखना आसान होगा। गश्त करते जवानों के पैर अब रेत-मिट्टी में नहीं धंसेंगे। बाड़मेर, जैसलमेर, बीकानेर, श्रीगंगानगर सहित पंजाब के क्षेत्र में भी बॉर्डर पर जीरो फेंसिंग के पास डामर सड़क बनाने की तैयारी है। इसके लिए केंद्र सरकार ने करीब साढ़े चार हजार करोड़ रुपए का बजट जारी किया है। सड़क बनने से जवान बॉर्डर पर पैदल सहित वाहनों पर भी गश्त कर सकेंगे। भारी वाहनों के मूवमेंट करने के साथ-साथ बॉर्डर पर पेट्रोलिंग करने में भी आसानी होगी। सुरंग या अन्य तरीके से नशीली पदार्थों की तस्करी पर भी लगाम लगेगा। बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) के आईजी एमएल गर्ग ने बताया- अकेले राजस्थान में एक हजार से ज्यादा किमी लंबी सड़क का निर्माण होगा।



### बॉर्डर पर जमीन-आसमान का अंतर

भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर सुविधाओं की दृष्टि से बड़ा अंतर है। पाकिस्तानी रेंजर्स ने भी भारतीय सीमाओं के ठीक सामने अपनी चौकियां स्थापित की हैं। भारतीय चौकियों पर लाइट्स है। फेंसिंग है। इन फेंसिंग पर भी रातभर लाइट्स जलती है।

हर 50 मीटर की दूरी पर लाइट्स इतनी तेज है कि दुश्मन देश से कोई हरकत जीरो लाइन पर हो तो साफ नजर आती है। इसके अलावा भारतीय सीमा में तारबंदी है, जिसमें करंट दौड़ता है। तारों पर जगह-जगह जिंगल बेल लगी है, जो काफी दूरी पर टच होने पर घनघना उठती है। ऐसे में पास की चौकी पर घुसपैठ का संकेत मिल जाता है। इस तरह की सुरक्षा व्यवस्था पाकिस्तानियों के पास नहीं है।

### जीरो लाइन से सटकर होगा सड़क का निर्माण

बीएसएफ के आईजी एम.एल. गर्ग ने बताया कि भारत सरकार ने देश की सुरक्षा के लिए मजबूत कदम उठाया है। राजस्थान के बाड़मेर, जैसलमेर, बीकानेर और श्रीगंगानगर से 1096 किलोमीटर सड़क का निर्माण होगा। शेष करीब साढ़े तीन सौ किलोमीटर सड़क का निर्माण पंजाब में होगा। कुल 1450 किमी. की सड़क बन रही है। जीरो लाइन पर स्थित फेंसिंग से सटकर सड़क बनाई जाएगी। इसका काम करीब एक महीने में शुरू होने की संभावना है।

**तीन साल पहले बनाया गया था प्रोजेक्ट :** सड़कों का जाल बिछाने के लिए केंद्रीय लोक निर्माण विभाग ने 2021 में ये प्रोजेक्ट तैयार किया था। इसके बाद गृह मंत्रालय ने इसे मंजूर किया था। सड़क का काम बाड़मेर से शुरू होता हुआ जैसलमेर, बीकानेर और श्रीगंगानगर तक जाएगा। पंजाब में सड़क बनाने का काम शुरू हो चुका है।

# महाकुंभ में जबरदस्त भीड़, 10-15 किमी लंबा जाम, लाखों फंसे

## प्रयागराज पहुंचने वाले रास्तों पर रेंग रही हैं गाड़ियां ट्रेनों में भारी भीड़, संगम स्टेशन बंद करना पड़ा



**प्रयागराज (एजेंसी)**

महाकुंभ में रविवार की छुट्टी के चलते श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ है। संगम पहुंचने के सभी रास्तों में 10 से 15 किमी लंबा जाम लगा है। वाराणसी, लखनऊ, कानपुर और रीवा से प्रयागराज आने-जाने वाले रास्तों पर 25 किमी तक गाड़ियां रेंग रही हैं। संगम में डुबकी लगाने जाने वालों और वहां से लौटने वाले श्रद्धालु भूखे-प्यासे जाम खुलने का इंतजार कर रहे हैं। प्रयागराज जंक्शन पर भीड़ को मैनेज करने के लिए इमरजेंसी क्राउड मैनेजमेंट प्लान लागू किया गया। भारी भीड़ को देखते हुए प्रयागराज संगम स्टेशन को बंद करना पड़ा। लखनऊ लौट रहे एक श्रद्धालु आकाश द्विवेदी ने बताया कि उनकी गाड़ी 3 घंटे से मलाका गांव के जाम में फंसी है।

वहीं, महाकुंभ से मध्यप्रदेश जा रही श्रद्धालुओं से भरी एक बस सड़क किनारे पलट गई है। हादसे में 12 से ज्यादा श्रद्धालु घायल हो गए। रविवार सुबह मेला क्षेत्र के सेक्टर-19 में आग लग गई। इसमें एक कल्पवासी टेंट जल गया। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग बुझाई। वहीं महाकुंभ जा रही ट्रेनों में जबरदस्त भीड़ है। वाराणसी में जगह न मिलने पर महिलाएं ट्रेन इंजन में घुस गईं और गेट बंद

» शेष पृष्ठ 6 पर

## एक नजर

### मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह का इस्तीफा

दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद फैसला, राज्य में 21 महीने से हिंसा जारी

**इम्फाल (एजेंसी)।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने रविवार शाम को अपना इस्तीफा गवर्नर को सौंप दिया। नए मुख्यमंत्री पर फैसला एक-दो दिन के भीतर लिया जाएगा। बीरेन सिंह पर राज्य में 21 महीने से जारी हिंसा के चलते काफी दबाव था। विपक्षी पार्टियां भी लगातार



एनडीए से इस मुद्दे पर सवाल पूछ रही थी। सूत्रों के मुताबिक गवर्नर ने अभी उनसे कार्यवाहक मुख्यमंत्री के तौर पर पद संभालने के लिए कहा था। इस्तीफे का फैसला लेने से पहले एन बीरेन सिंह ने रविवार सुबह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से दिल्ली में मुलाकात की थी।

### पीएम मोदी फ्रांस की एआई समिट में शामिल होंगे

#### आज दौरे पर होंगे रवाना

**पेरिस (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल यानी 10 फरवरी को फ्रांस दौरे पर रवाना होंगे।



यहां पीएम मोदी 11 फरवरी को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ पेरिस में आयोजित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) समिट की सह-अध्यक्षता करेंगे। इसमें दुनिया भर के लीडर्स और टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट्स एआई की गाइडलाइन तैयार करेंगे। इस कार्यक्रम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बेहतर इस्तेमाल और खतरों को नियंत्रित करने पर चर्चा होगी। इससे पहले यह समिट 2023 में ब्रिटेन और 2024 में साउथ कोरिया में हो चुकी है। फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने इस समिट को लेकर कहा-यह समिट ऐसे वक्त में हो रही है जब कई लोग एआई की अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में खुद को स्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं। यह खेल के नियमों को तय करने के बारे में है। एआई को कानून के दायरे में लाना जरूरी है।

### ब्रिटेन के प्रिंस हैरी को अमेरिका से नहीं निकालेंगे ट्रम्प

#### बोले-उनकी पत्नी के साथ पहले से समस्याएं हैं, वीजा में जानकारी छुपाने का आरोप

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ब्रिटिश प्रिंस हैरी को अमेरिका से डिपोर्ट करने से इनकार कर दिया है। ट्रम्प ने बताया कि वो ऐसा कोई प्लान नहीं कर रहे हैं। न्यूयॉर्क पोस्ट के मुताबिक ट्रम्प ने कहा कि मैं ऐसा नहीं करना चाहता, मैं उन्हें छोड़ दूंगा। उनकी पत्नी के साथ पहले ही काफी समस्याएं हैं, वह भयानक है। दरअसल हैरी पर वीजा में ड्रग्स लेने की जानकारी छुपाने का आरोप लगा है। प्रिंस हैरी ने अपनी आत्मकथा स्पेयर में कोकीन, भांग और साइकेडेलिक ड्रग्स लेने की बात स्वीकार की थी। इसके बाद हैरीटेज फाउंडेशन हैरी के वीजा एप्लिकेशन पर सवाल उठाए थे। फाउंडेशन का आरोप है कि हैरी ने वीजा एप्लिकेशन में नशे के इस्तेमाल की जानकारी छुपाई थी।

### अमेरिका में रोज पकड़े जा रहे 1200 अवैध अप्रवासी

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के आदेश पर अवैध प्रवासियों के खिलाफ धरपकड़ और तेज हो गई है। डिटेंशन सेंटर फुल हो गए हैं। हालत ये है कि अवैध प्रवासियों को अब जेलों में ठूंसा जा रहा है। लॉस



एंजिलिस, मियामी, अटलांटा और कैंसस सहित 9 फेडरल जेलों में अन्य खूंखार अपराधियों के साथ अवैध प्रवासियों को रखा जा रहा है। इमिग्रेशन एंड कस्टम इंफोर्समेंट (आईसीई) के डिटेंशन सेंटर में 41 हजार को ही रखने की क्षमता है। इन सेंटरों में

» शेष पृष्ठ 6 पर

# दिल्ली के नवनिर्वाचित भाजपा विधायकों की बैठक हुई

## पीएम मोदी के अमेरिका दौरे से लौटने के बाद होगा सीएम का शपथ ग्रहण



**नई दिल्ली (एजेंसी)**

दिल्ली के नवनिर्वाचित भाजपा विधायकों की बैठक रविवार शाम को हुई। बैठक के बाद दिल्ली की राजौरी गार्डन विधानसभा सीट से भाजपा विधायक मनजिंदर सिंह सिरसा ने बताया- बैठक में पानी, सीवेज, यमुना जल की सफाई पर चर्चा हुई। तय किया गया कि ये काम प्राथमिकता पर करने हैं।

भाजपा को बहुमत मिलने के बाद विधायकों की यह पहली बैठक थी। बैठक के बाद प्रवेश वर्मा और मनजिंदर सिंह सिरसा ने अलग-अलग जाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से उनके आवास पर मुलाकात की। रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से दावा किया जा रहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिका दौरे से लौटने के बाद मुख्यमंत्री का शपथ समारोह होगा। पीएम मोदी फ्रांस-अमेरिका के दौरे पर जा रहे हैं।

### आतिशी ने दिया मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा

*'आप' की हार के बाद आतिशी ने सीएम पद से इस्तीफा दे दिया है। इसके बाद उप राज्यपाल वीके सक्सेना ने विधानसभा भंग कर दी है। उधर, अरविंद केजरीवाल के घर आप नेताओं ने मीटिंग की। केजरीवाल ने नए विधायकों से कहा कि वे जनता के लिए काम करें। इसके बाद आतिशी ने कहा कि जनता ने 'आप' के 22 विधायकों पर भरोसा करके जिताया है। अब हमारी जिम्मेदारी है कि हम उनकी सेवा करें, समस्याओं का समाधान करें। विपक्ष की भूमिका निभाना और भाजपा की जवाबदेही तय करवाना जिम्मेदारी है।*

# छत्तीसगढ़ में सेना के जवानों ने 31 नक्सलियों को मार गिराया

## मुठभेड़ में दो जवान शहीद, 2 घायल, बीजापुर में इंद्रावती नेशनल पार्क एरिया में सर्चिंग जारी



**बीजापुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र सीमा पर रविवार को मुठभेड़ में 1000 से ज्यादा जवानों ने 31 नक्सलियों को मार गिराया। सभी 31 के शव रिकवर कर लिए गए हैं। मुठभेड़ बीजापुर के इंद्रावती नेशनल पार्क इलाके में हुई। फिलहाल सर्चिंग ऑपरेशन जारी है। वहीं, मृत नक्सलियों की शिनाख्त भी की जा रही है। इस मुठभेड़ में डीआरजी और एसटीएफ के एक-एक जवान शहीद हुए, वहीं 2 जवान घायल भी हुए हैं जिन्हें एयरलिफ्ट कर रायपुर लाया गया है। उनकी हालत खतरे से बाहर है। बस्तर रेंज आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि घटनास्थल से भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक भी बरामद किए गए हैं।

छत्तीसगढ़ में इस साल अब तक 81 नक्सली मारे गए हैं, जिनमें से 65 बस्तर संभाग में ही ढेर हुए हैं। इसमें बीजापुर सहित 7 जिले शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक 2024 में अलग-अलग मुठभेड़ों में जवानों ने 217 नक्सलियों को ढेर किया था।

### 'नक्सलवाद के कारण किसी नागरिक को जान गंवानी नहीं पड़ेगी'

अमित शाह ने रविवार को कहा कि 31 मार्च 2026 तक नक्सलियों का खात्मा हो जाएगा। देश के किसी भी नागरिक को इसके कारण अपनी जान नहीं गंवानी पड़ेगी। शाह ने यह बात छत्तीसगढ़ में 31 नक्सलियों के मारे जाने के बाद कही। गृहमंत्री ने कहा कि, भारत को नक्सल मुक्त बनाने की दिशा में सुरक्षाबलों को छत्तीसगढ़ के बीजापुर में बड़ी सफलता मिली है।

**2 फरवरी को मारे गए थे 8 नक्सली :** बीजापुर जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र में 2 फरवरी को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 8 नक्सलियों को मार गिराया था। मारे गए माओवादियों में सभी पुरुष नक्सली थे। सुरक्षाबलों के करीब 800-1000 जवानों ने पीएलजीए कंपनी नंबर 2 के नक्सलियों को घेरा था। इनमें बड़े लीडर्स भी थे। मौके से फोर्स ने इंसास समेत 303, 12 बोर, बीजीएल लॉन्चर बरामद

पहली बार दो सेना प्रमुख एक साथ फाइटर जेट में बैठे | जनरल द्विवेदी बोले-सबसे अच्छा पल

# वायु सेना और सेना प्रमुख ने तेजस में भरी उड़ान

**बेंगलुरु (एजेंसी)**

वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने रविवार को एलएसी तेजस लड़ाकू विमान में उड़ान भरी। बेंगलुरु में एयरो इंडिया-2025 की शुरुआत से एक दिन पहले दोनों सेना प्रमुख तेजस फाइटर जेट में बैठे। एयरो इंडिया-2025 प्रोग्राम 10 फरवरी से 14 फरवरी तक चलेगा। यह पहली बार है जब दो सेनाओं के प्रमुख ने एक साथ स्वदेशी फाइटर जेट में उड़ान भरी है।

उड़ान के बाद थल सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी ने इस अनुभव को अपने जीवन का सबसे अच्छा पल बताया।



उन्होंने यह भी कहा कि हम नेशनल डिफेंस एकेडमी के दिनों से साथ हैं। अगर मैं वायु सेना प्रमुख से पहले मिला होता तो एयरफोर्स जॉइन करता और फाइटर पायलट बनता।

**थल सेना प्रमुख बोले-आज से एपी सिंह मेरे गुरु :** उड़ान के बाद जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि आज से एयर चीफ मार्शल मेरे गुरु हैं, क्योंकि उन्होंने इस उड़ान के दौरान मुझसे कई एक्टिविटीज कराईं। जनरल द्विवेदी ने कहा कि यह उड़ान बहुत ही चुनौतीपूर्ण थी, मुझे इसे पूरा करके बहुत मजा आया। उन्होंने कहा कि मैं आईएएफ के प्रति शुक्रगुजार हूं और मैं वायु सेना के पायलट्स की हिम्मत की दाद देता हूं, जो चुनौतियों का सामना करते हैं।

**तेजस में उड़ान भर चुके हैं पीएम मोदी :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 नवंबर 2023 को बेंगलुरु में तेजस फाइटर प्लेन में उड़ान भरी थी। किसी

» शेष पृष्ठ 6 पर

# जयपुर में आईबी का फर्जी डीएसपी पकड़ा

## कार पर भारत सरकार लिखा था, युवकों को नौकरी लगाने का झांसा देकर ठगा

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** जयपुर में आईबी का फर्जी डीएसपी बनकर लोगों को ठग रहे युवक को पुलिस ने पकड़ा है। युवक लोगों से दोस्ती कर सरकारी नौकरी लगाने का झांसा देता था। आरोपी के पास से एक कार भी बरामद हुई है। इस पर भारत सरकार की प्लेट लगी हुई मिली। युवक अब तक 12 से ज्यादा धोखाधड़ी की वारदात को अंजाम दे चुका है। एसीपी मालवीय नगर आदित्य पूनिया ने बताया कि 8 फरवरी को नितिन कुमार, आकाश सिंह, राहुल फौजदार और जितेंद्र सिंह ने एयरपोर्ट थाने में मामला दर्ज कराया था। पीड़ितों ने बताया कि श्रीनिवास कुमार चौबे (36) निवासी भव्या ग्रीन अपार्टमेंट जगतपुरा ने खुद को आईबी में डीएसपी बताया था। उसने कहा था-उसकी केंद्र और राजस्थान के कई विभागों में जानकारी है। वित्त मंत्रालय और जयपुर

» शेष पृष्ठ 6 पर